भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 4471

गुरूवार, 02 अप्रैल, 2026/12 चैत्र, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

बौद्ध सर्किट की ओर पर्यटकों को आकर्षित करना

4471 श्रीमती सुधा मूर्ती:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से भारत में, विशेष रूप से बिहार और आस-पास के क्षेत्रों के बौद्ध सर्किट में अधिक धार्मिक पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता का आकलन किया है;

(ख) क्या विशेष रूप से बौद्ध बहुल देशों के आगंतुकों के लिए विशिष्ट पर्यटक सर्किट या तीर्थयात्रा पैकेज विकसित करने के लिए किन्हीं लक्षित पहलों पर विचार किया जा रहा है; और

(ग) क्या आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रमुख बौद्ध स्थलों पर भाषा सहायता तथा उपयुक्त खान-पान (क्विज़ीन) सहित प्रशिक्षित बहुभाषी गाइडों, आतिथ्य कर्मियों और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील सेवाओं की व्यवस्था करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): दक्षिण पूर्व एशिया, अपनी बड़ी बौद्ध आबादी के साथ, भारत में बौद्ध सर्किट के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत बाजार बन जाता है। अन्य स्थलों और उत्पादों के साथ बौद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों और यात्रा व्यापार क्षेत्र के सहयोग से विभिन्न प्रचार संबंधी कार्यकलापों का संचालन करता है। इन संवर्धनात्मक कार्यकलापों में पर्यटन रोड-शो के आयोजन, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा व्यापार प्रदर्शनियों, मेलों और कार्यक्रमों में भागीदारी; विदेशी टूर ऑपरेटरों, मीडिया और नामचीन हस्तियों के लिए परिचायक (एफएएम) दौरों के आयोजन; स्थानीय टूर ऑपरेटरों और उद्योग के अन्य हितधारकों के साथ जुड़ाव; डिजिटल एवं सोशल मीडिया प्लेटफ़ार्म आदि के माध्यम से प्रचार करना शामिल है।

बौद्ध सर्किट सहित पर्यटन स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0, राष्ट्रीय तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान मिशन (प्रशाद), चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी), पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता जैसी योजनाओं के तहत

परियोजनाओं को कार्यान्वित करता है। बौद्ध स्थलों पर, विशेष रूप से बिहार और आस-पास के क्षेत्रों में इन योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा, भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) महापरिनिर्वाण एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से प्रमुख बौद्ध स्थलों को जोड़ने वाला विशेष तीर्थयात्रा टूर पैकेज प्रदान करता है। मंत्रालय टूर ऑपरेटरों और अन्य हितधारकों के साथ भी जुड़ा हुआ है, जो बदले में दक्षिण पूर्व एशियाई बाजार सहित बौद्ध सर्किट के लिए टूर पैकेज का संवर्धन करते हैं।

(ग): बौद्ध स्थलों सहित देश में पर्यटन स्थलों पर आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए मंत्रालय ने विदेशी भाषाओं में प्रशिक्षित लोगों सहित सुप्रशिक्षित और पेशेवर पर्यटक सुविधाप्रदाताओं/गाइडों का एक पूल बनाने के लिए अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता (आईआईटीएफ) प्रमाणन कार्यक्रम तैयार किया है। इस कार्यक्रम में संचार, सेवा गुणवत्ता और सांस्कृतिक संवेदनशीलता में सुधार के उद्देश्य से उन्नत और पुनश्चर्या (रिफ्रेशर) पाठ्यक्रम भी शामिल किए गए हैं।

*****

अनुबंध

श्रीमती सुधा मूर्ती द्वारा बौद्ध सर्किट की ओर पर्यटकों को आकर्षित करने के संबंध में दिनांक 02.04.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 4471 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

बिहार और आस-पास के क्षेत्रों में बौद्ध स्थलों पर 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन (एसडी) 2.0', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' और 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरणः

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	योजना	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	आंध्र प्रदेश	एसडी	2017-18	बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास	35.24
2.	आंध्र प्रदेश	सीबीडीडी	2024-25	नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन	25.00
3.	बिहार	एसडी	2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18
4.	बिहार	एसडी 2.0	2024-25	बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास	165.44
5.	गुजरात	एसडी	2017-18	जूनागढ़ - गिर सोमनाथ - भरूच - कच्छ -भावनगर - राजकोट - मेहसाणा का विकास	26.68
6.	मध्य प्रदेश	एसडी	2016-17	सांची - सतना - रीवा - मंदसौर - धार का विकास	74.02
7.	उत्तर प्रदेश	एसडी	2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89
8.	उत्तर प्रदेश	एसएएस सीआई	2024-25	श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास	80.24
9.	तेलंगाना	सीबीडीडी	2024-25	बुद्धवनम में डिजिटल अनुभव केंद्र का विकास	24.85

*****